नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, अधारताल में एन.एस.यू.आई. छात्र संगठन के सचिन रजक समूह द्वारा विरोध प्रदर्शन एवं तोड़फोड़

जबलपुर। आज दिनांक 24.06.2019 दिन सोमवार को दोपहर 1:15 बजे से 1:45 बजे के मध्य नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, अधारताल में बिना किसी पूर्व सूचना के एन.एस.यू.आई. छात्र संगठन से संबंधित सचिन रजक समूह के लगभग 15 से 20 अज्ञात व्यक्तियों ने विश्वविद्यालय परिसर में जबरदस्ती के साथ घुसकर तोड़फोड़ करते हुये शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया एवं शासकीय कार्यों में बाधा पहुंचाई जिसमें पौधे, गमलों, कांच व दरवाजों इत्यादि को क्षति पहुंचाते हुये, जिसके सशक्त प्रमाण छायाचित्र व सी.सी.टी.व्ही. फुटेज उपलब्ध है तथा विरोधी नारे लगाये गये।

इन अवांछित गतिविधियों की विश्वविद्यालय प्रशासन, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा कड़े शब्दों में भर्त्सना की इस तारतम्य में भविष्य में इस प्रकार की अवांछित गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने की अपेक्षा प्रशासन से की जाती है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर